दिनांकः 14.07.2025 समय : 18.30 पीएम

**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

- **राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले–सुनियोजित नगरीय विकास और मेडिकल टूरिज़्म को प्रोत्साहन।**

- **तीन नई नीतियों के प्रारूप स्वीकृत और विभिन्न विभागों के सेवा नियमों में संशोधन को मंजूरी।**

- **प्रदेश के कई शहरों में अत्यधिक बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त–आज सात स्थानों पर भारी से बहुत भारी बरसात का रेड अलर्ट।**

- **राजस्थान को ''एक जिला–एक उत्पाद'' कार्यक्रम के तहत आज नई दिल्ली में हुए राष्ट्रीय समारोह में कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।**

..............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में ऊर्जा, उद्योग, पर्यटन, नगरीय विकास, और शिक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुहर लगायी गयी।

बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल और सुमित गोदारा ने मीडिया को फैसलों की जानकारी दी। डॉ. बैरवा ने बताया कि राज्य सरकार अब उन कर्मचारियों को पदोन्नती में दो साल की छूट देगी, जिन्होंने बीते बरसों में प्रमोशन का लाभ नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि कॉलेज और यूनिवर्सिटी में यूजीसी के अनुरूप सीसीए नियम में संशोधनों का अनुमोदन किया गया है। इससे **करियर एडवांस्ड स्कीम** के तहत शिक्षकों की पदोन्नति हो सकेगी। इसके साथ ही जल संसाधन विभाग में भी सेवा नियम बदले गये हैं और अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में रियायत दी गई है।

..............

श्री पटेल ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग में सदस्यों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। आयोग में अब सात की जगह दस सदस्य होंगे।

..............

श्री गोदारा ने कहा कि राज्य में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा। राजस्थान को ग्लोबल मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

..............

बैठक में मेडिकल वेल्यू ट्रेवल पॉलिसी – हील इन राजस्थान नीति के अलावा राजस्थान निवेश संवर्धन योजना, राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नीति और टाउनशिप पॉलिसी को भी मंजूरी दी गई। इसके लिए राज्य स्तरीय निगरानी कमेटी बनाई जाएगी।

...............

राज्य सरकार और निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों के बीच आज आरजीएचएस को लेकर वार्ता हुई। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ के साथ हुई इस बैठक के बाद निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने इसे सकारात्मक बताया। सरकार और निजी अस्पतालों के बीच सहमति बनने के बाद मरीजों को आरजीएचएस के तहत कैशलेस इलाज की सुविधा मिलती रहेगी। उन्होंने ये भी उम्मीद जताई कि जल्द ही सरकार की ओर से अस्पतालों की बकाया राशि के भुगतान को लेकर दिशा निर्देश किये जाएंगे।

...............

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज हरियाणा और गोवा में नए राज्यपालों और लद्दाख में नए उपराज्यपाल की नियुक्ति की। पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री पुष्पापति अशोक गजपति राजू गोवा के और प्रोफेसर आशिम कुमार घोष हरियाणा के राज्यपाल होंगे। कविंद्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है।

...............

राज्य की सहकारी समितियों के उत्पादों की पहुंच अब अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक होगी। इसके लिए राजस्थान राज्य क्रय–विक्रय सहकारी संघ लिमिटेड–राजफैड और राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड–एनसीईएल के बीच एमओयू हुआ है। इससे प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी और सहकारी समितियों की आय में बढ़ोतरी होगी। आज जयपुर में हुए इस एमओयू पर राजफैड के प्रबंध निदेशक, टीकमचंद बोहरा और एनसीईएल के एमडी अनुपम कौशिक ने हस्ताक्षर किये।

...............

मौसम विभाग ने आज कोटा, उदयपुर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना जताई है। पाली, राजसमंद, भीलवाड़ा, चित्तौडगढ, बूंदी, झालावाड और कोटा में मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा 10 जिलों में बरसात का ऑरेंज अलर्ट बताया गया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले दो दिनों में अजमेर और जयपुर संभाग में भी कहीं–कहीं बहुत भारी बारिश के आसार हैं।

...............

मौसम विभाग के अनुसार कल सबसे ज्यादा करीब 20 सेंटीमीटर बरसात कोटा के खातोली में दर्ज की गई। बारां, कोटा, बूंदी, राजसमंद, डूंगरपुर, धौलपुर, बांसवाडा और जोधपुर जिले की कई जगहों पर काफी भारी बारिश हुई। यहां 10–10 सेंटीमीटर से ज्यादा पानी बरसा। प्रदेश में बीते 24 घंटों में कई शहरों में हुई भारी बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त हो रहा है। कई जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है और यातायात में रुकावट आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई गांवों का मुख्य मार्गों से सम्पर्क कट गया है।
जोरदार बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन अलर्ट मोड पर है और लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की जा रही है। एसडीआरएफ की टीमें भी मुस्तैद हैं और तेज बहाव वाले क्षेत्रों में बचाव कार्य में जुटी हैं।

जोधुपर में पाली मारवाड़ और बोमादड़ा रेलवे स्टेशनों के बीच पटरियों के नीचे जलभराव और मिट्टी खिसकने के कारण रेलों का संचालन प्रभावित हुआ है। इस बीच कोटा से हमारे संवाददाता ने बताया कि

कोटा बैराज के आस–पास चम्बल नदी के कैचमेंट क्षेत्र में जोरदार बारिश के कारण बैराज के 12 गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है।

...............

जोरदार बारिश के कारण नदी नाले उफान पर हैं। कोटा में बरसाती नाले में बहने से आज एक युवती की मृत्यु हो गयी। वहीं चित्तौडगढ़ के नीलिया महादेव कुंड में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गयी। उधर, रावतभाटा में नाले में बहने से एक बच्चे और भीलवाडा की छाईबाई नदी में बहने से एक युवक की मृत्यु हो गयी।

...............

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने जल संरचनाओं के निर्माण में गुणवत्ता और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखने की बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने पर जोर दिया है। श्री रावत आज जयपुर में जल संरक्षण प्रबंधन और सदुपयोग पर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। वे भारतीय मानक ब्यूरो और जल संसाधन विभाग की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में दो दिन की कार्यशाला में बोल रहे थे।

श्री रावत ने कहा कि जल संसाधन से जुड़े कामों में गुणवत्ता मानकों की पालना प्राथमिकता से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जल भंडारण ढांचों और वितरण प्रणाली का रख रखाव भी विभाग की बड़ी जिम्मेदारी है। इसे पारदर्शिता से पूरा किया जाना चाहिए।
कार्यशाला के पहले दिन आज विभिन्न तकनीकों के माध्यम से विशेषज्ञों ने पाइपलाइन नेटवर्क और जल संरक्षण से जुड़े मानकों की जानकारी दी।

...............

राजस्थान को एक जिला–एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत आज नई दिल्ली में हुए राष्ट्रीय समारोह में कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। भारत मंडपम में हुए राष्ट्रीय ओडीओपी पुरस्कार समारोह में केन्द्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राज्य को इस पुरस्कार से नवाजा। उद्योग विभाग के ज्वाइंट कमिशनर पी.एन. शर्मा ने ये पुरस्कार प्राप्त किया। प्रदेश के रत्न, आभूषण, मार्बल और ग्रेनाइट उत्पाद तथा कृषि उत्पादों ने ओडीओपी क्षेत्रों में काफी नाम कमाया है। इसके साथ ही ओडीओपी उत्पादकों के लिए मार्केटिंग ई कॉमर्स, मेला और प्रदर्शनियों में उल्लेखनीय कार्य किया गया है।

...............